छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर

CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formely Kanpur University, Kanpur)

Kalyanpur, Kanpur-208024

कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./ COE /2747/2022 दिनांक :19/05 /2022

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार सूचित करना है कि सत्र 2020–21 में स्नातक प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार प्रमोट कर दिया गया था। ऐसे छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार संज्ञान में आया है कि इन छात्र/छात्राओं में भ्रम की स्थिति है कि उन्हें पर्यावरण अध्ययन विषय में भी प्रमोट कर दिया गया है अथवा उन्हे परीक्षा देनी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक प्रथम वर्ष में परीक्षार्थियों को केवल उनके मुख्य विषय में प्रमोट किया गया था और पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा उनको अपने द्वितीय अथवा तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण करनी है। अतः सत्र 2021–22 की विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षाओं में दिनांक–22.05.2022 को आयोजित पर्यावरण की परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थियों को पर्यावरण अध्ययन विषय की परीक्षा देनी होंगी।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1- समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल अधिकारी/केन्द्राध्यक्ष/नोडल केन्द्र/परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय।
2- क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल।
3- प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करना एवं विश्वविद्यालय के होम पेज पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4- मीडिया प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5- निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6- वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7- सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक